www.credairajasthan.com

# CREDAI TIMES RAJASTHAN

Volume 3 | September 2014 | JAIPUR | MONTHLY

## OUR MISSION HERITAGE TO HI-TECH



**Aatmaram Gupta**
**Chairman, ARG Group**
Life Time Achievement Award Winner



## HOUSING: THE GAME CHANGER

## Editor's Message...

# प्रदेश में बदलाव की बयार, उम्मीदों की नैया पर राजे सरकार



राजस्थान में विकास की नई इबारत लिखने की तैयारी शुरू हो चुकी है। नई सरकार ने अपने दस माह के कार्यकाल में जो रोड मैप तैयार किया है, उससे उम्मीदें बड़ी है। इसके अरसे तक कायम रहने की आस है। सरकार ने अपने शुरूआती एजेंडे में गांव-गांव व ढाण-ढाणी पक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। भरतपुर, बीकानेर और उदयपुर संभाग में सफल दौरों का यह सिलसिला मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने पूरे कार्यकाल में जारी रखने का टारगेट रखा है।


प्रदेश में बीते दस माह में वसुंधरा सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियां सिरमौर है। रोजगार मुहैया करवाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। इसके तहत 15 लाख रोजगार के अवसर मुहैया कराने की घोषणा बजट में हो चुकी है। यह अलग बात है कि इस दिशा में ठोस प्रयास का अभी इंतजार है। बिजली-शिक्षा-चिकित्सा-पानी व कृषि में लाखों पद भरे जाएंगे। राजे सरकार ने हाली ही में प्रदेश में महिलाओं के लिए भामाशाह योजना शुरू करके यह जता दिया है कि प्रदेश में महिला का स्थान सर्वोच्च है। राजे सरकार ने समस्त विभागों के आयोजना मद का 3 प्रतिशत ई-शासन के लिए निर्धारित किया है। राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान करने की गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पोर्टल विकसित कर 91 लाख लोगों को लाभान्वित किया गया। राज्य में 5,254 ई-मित्र/सीएसी कियोस्क स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से प्रतिमाह 20 लाख से अधिक लोगों को 20 से अधिक सेवाएं प्रदान की जा रही है। जनसाधारण की विभिन्न सेवाओं के लिए 38 लाख आवेदन एवं 90 हजार शिकायतों का कम्प्यूटरीकृत ई-सुगम प्रणाली के माध्यम से निस्तारण किया गया। प्रतिमाह 1.5 लाख वैधिक मान्यता प्राप्त ऑनलाइन डिजटली हस्ताक्षरित मूल निवास, जाति एवं आय प्रमाण पत्र कियोस्क पर ही जारी किए जा रहे हैं। इसी प्रकार निवाई तहसील में डिजटली हस्ताक्षरित जमाबन्दी का शुभारंभ किया गया, जिसे शेष समस्त तहसीलों में भी क्रियान्वित किया जाना प्रक्रियाधीन है।

रोड सेक्टर की बदहाली सरकार को काफी आ रही है। तभी तो 20 हजार किलोमीटर के नए सड़क तंत्र के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। कम्प्यूटरीकरण के लाभ को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए समस्त पंचायतों में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर कम्प्यूटर एवं कम्प्यूटर साक्षर कर्मी उपलब्ध करवाए जा रहे है। पारदर्शिता को बढ़ाने हेतु समस्त विभागों में ₹ 50 लाख (पीडब्ल्यूडी में ₹ 25 लाख) तथा उससे ऊपर की खरीद हेतु ई-खरीद प्रणाली लागू। 47 विभागों/उपक्रमों में ₹ 16,721 करोड़ के 4,707 टेंडर प्रकाशित किए गए। मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा वितरण योजना के तहत दवाओं की 3601 दवा वितरण केंद्रों पर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ई-औषधि नामक पोर्टल का निर्माण गया। इससे प्रतिदिन दो लाख मरीज लाभान्वित हो रहे हैं।

**योजनाओं का अंबार, लेकिन सवाल भी कम नहीं :** ऐसा भी नहीं है कि सरकार के पास जादू की छड़ी है और यकीनन पूरा परिदृश्य ही बदल जाएगा। मुख्यमंत्री खुद ऐसा कह चुकी हैं। प्रदेश में जब भी सरकारें बदलती हैं इस तरह की स्थिति पैदा होती है, लेकिन आगे की कहानी हमेशा एक सी रहती है। सरकार ने जो 15 लाख रोजगार का सपना दिया है, उसे हकीकत पर कैसे उतारा जाएगा उसकी प्लानिंग अभी ठीक से सामने नहीं आ पाई है। हाल में प्रदेश में एकीकरण के जरिए 17 हजार स्कूलों को बंद करने को लेकर सरकार पहले ही कठघरे में है। तर्क यह दिया जा रहा है कि स्कूलें बंद करने की बजाय क्यों नहीं इन स्कूलों में बच्चों को लाने की कोशिश की जाती। उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए भी सरकार लगातार कोशिश कर रही है, लेकिन ग्राउंड लेवल पर काफी काम किए जाने की जरूरत है।

**दीक्षान्त शर्मा**
**उपाध्यक्ष एवं प्रधान सम्पादक**

## Chairman's Message...



# राज्य में शीघ्र लागू होगा अपार्टमेंट एक्ट

तीव्रगति से हो रहे शहरीकरण के साथ नगरीय क्षेत्रों में आवासीय भूमि की कीमतें आसमान छूने के कारण मध्यमवर्गीय परिवारों के लिये अपने लिये आवास की व्यवस्था करना अत्यन्त मुश्किल होता जा रहा है, लेकिन इस आवासीय मांग की पूर्ति की दिशा में बहुमंजिलें भवनों के निर्माण से मध्यमवर्गीय परिवार भी अपने वित्तीय संसाधनों की सीमा में अपने आवास की आवश्यकताओं की पूर्ति सहजता से कर पा रहा है। बहुमंजिलें आवासीय परिसरों के निर्माण के पश्चात इन परिसरों में भवन निर्माता द्वारा प्रदत्त विभिन्न सुविधाओं के रख-रखाव एवं कॉमन एरिया के लाईट, पानी के काम में आने वाले विद्युत व्यय एवं साफ-सफाई एवं परिसर के सुरक्षा हेतु नियुक्त विभिन्न कर्मचारियों के वेतन-भत्तों के भुगतान का दायित्व परिसर के निवासकर्ताओं का होता है, लेकिन कुछ क्रेता अपने दायित्वो की पूर्ति नहीं करते हैं एवं समय पर परिसर के रख-रखाव हेतु देय मेन्टीनेन्स का भुगतान नहीं करते है इसी प्रकार कुछ भवन निर्माता भी फ्लेट की बुकिंग के समय तैयार किये गये ब्रॉशर में दर्शाई गई विभिन्न सुविधाओं की पूर्ति नहीं करते है। अत: भवन निर्माता एवं क्रेता उनके अधिकारों के प्रति जागरूक एवं कर्तत्यों के प्रति उत्तरदायी हों, ऐसे प्रावधान करते हुए राज्य सरकार द्वारा अर्पाटमेन्ट ऑनरशिप बिल लाया जा रहा है। इस हेतु क्रेडाई राजस्थान द्वारा भारत के विभिन्न प्रान्तों/शहरों में प्रचलित अपार्टमेन्ट एक्ट के प्रावधानों के सन्दर्भ में राज्य सरकार को एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा।

**गोपाल गुप्ता**
**चेयरमैन**

# ग्लोबल सिटी के रूप में उभरेगा जयपुर

विश्व की अनुभवी कंपनी जेएलएल (जोन्स लौंग लसले) भी अब महानगर में अपनी सेवाएं देगी, जिससे जयपुर को विश्वस्तर पर रीयल एस्टेट में पहचान मिल सकेगी। विश्व के अन्य महानगरों की तर्ज पर जयपुर का भी स्वरूप निखारा जा सकेगा। जेएलएल अभी एशिया के 14 देशों में अपनी सेवाएं दे रही है। इसमें करीब 25 हजार लोग काम कर रहे हैं। इस कंपनी की बेस्ट प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी के रूप में पहचान है। कंपनी को इंटरनेशनल प्रॉपर्टी अवार्ड एशिया पेसिफिक–2012 भी श्रेष्ठ कार्यों के लिए मिला हुआ है। इसके सहयोग से जयपुर को एक नई पहचान दी जा सकेगी।

## इसलिए करें जयपुर में इन्वेस्टमेंट

- जयपुर इंवेस्टमेंट के लिए बेहतर जगह हैं। क्योंकि यह भारत के सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी है।
- यहां की आबादी एक मिलियन के ऊपर है।
- भारत का ट्यूरिस्ट हब है। यहां करीब 75% विदेशी ट्यूरिस्ट आते हैं।
- यह दिल्ली से मात्र 250 कि.मी. दूरी पर स्थित है, जहां बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- यहां शिक्षण की उत्तम व्यवस्था है। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी अग्रणीय है।
- यह शहर देश का गोल्डन ट्राइंगल है।
- जयपुर एक प्रमुख निर्यातक शहर है जहां से बेशकीमती रंग–बिरंगे पत्थर, हैंडीक्राफ्ट कॉरपेट आदि विदेशों में निर्यात किए जाते हैं।
- प्रायोगिक शिक्षण संस्थान में भी यह अग्रणीय शहर है। यहां आईआईटी / आईटीएस के अलावा जेनपेक्ट व इन्फोसिस भी कार्यरत है।
- सरकार भी स्थिर है। इसलिए जयपुर सहित प्रदेश का भविष्य सुनहरा है।
- देश के अन्य शहरों का औसत उत्पाद पिछले तीन सालों में 7% है, जबकि जयपुर का उत्पाद (जीडीपी) 17% से ज्यादा है।
- दुनिया के 24 बढ़ते हुए शहरों में जयपुर भी शुमार है।
- दुनिया में जयपुर से हीरा–सोना व बेशकीमती पत्थरों की कारीगरी व ज्वैलरी निर्यात का प्रमुख केंद्र है।
- रिजर्व बैंक ने जयपुर को देश में सबसे अधिक जमा राशि के लिए 11वां स्थान दिया है। इसके अलावा इण्डस्ट्रीज सहित अन्य कार्यों के लिए भी जयपुर की अपनी पहचान है।

## इंवेस्टमेंट के लिए सीकर रोड बेहतर



- प्रदेश का बहुत बड़ा रीको इण्डस्ट्रीज एरिया इसी रोड पर स्थित है।
- इंटरनेशनल सुपर मार्केट चेन मेट्रो केश एंड कैरी और कैरियर भी इसी रोड पर मौजूद है।
- मेट्रो का सेकण्ड फेज अंबाबाड़ी व सीतापुरा में ही प्रस्तावित है।
- शेखावाटी क्षेत्र व धार्मिक स्थलों में इस रोड का सीधा जुड़ाव है।
- बड़े व बहुमंजिला बडे आवासीय परिसर जैसे:– विद्याधर नगर, सेंट्रल स्पाइन, मुरलीपुरा भी इसी रोड पर स्थित है।
- यहां फोरलेन हाइवे है, जो सीधा सीकर शहर को जोड़ता है, जिससे आवागमन में समय की बचत होती है।
- यहां अप्पू घर, स्पोर्ट्स व साइंस सिटी भी प्रस्तावित है।
- रीको इंडस्ट्रीज क्षेत्र कूकस भी जुड़ा हुआ है। इस रोड़ पर नेशनल लेवल की यूनिवर्सिटी व इंस्टीट्यूट भी मौजूद है।
- यह हाईवे देश की राजधानी से जुड़ा हुआ है। जिसमें विकास की काफी संभावनाएं हैं।

## आनन्द मिश्रा ग्रीन बिल्डिंग अवार्ड से सम्मानित

त्रिमूर्ति बिल्डर्स के डायरेक्टर आनन्द मिश्रा को ग्रीन बिल्डिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मिश्रा को यह पुरस्कार इंडियन ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस (आईजीबीसी) की ओर से हैदराबाद में एक सम्मेलन के दौरान उनके होम प्रोजेक्ट त्रिमूर्ति अरोमा के लिए दिया गया। त्रिमूर्ति अरोमा प्रदेश का पहला गोल्ड स्टेड ग्रीन होम प्रोजेक्ट है।




### एआरजी ग्रुप के चेयरमैन का सम्मान

अक्षरधाम फाउंडेशन द्वारा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के आगमन के अवसर पर इसके पूर्व जुड़ाव रखने वाले सहयोगी के रूप में एआरजी ग्रुप के अध्यक्ष आत्माराम गुप्ता का संस्था के चेयरमैन एवं पदाधिकारियों ने सम्मान किया। गुप्ता को सराहनीय सहयोग के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



# संघर्ष से शिखर तक की सच्ची कहानी

**हौंसलों की उड़ान से नापा आसमां आशियाने के लिए जूझने वाला औरों के लिए ले आया आशियानों की बहार। अभाव से जूझते हुए बुलन्दी के शिखर तक पहुंचने की सच्ची कहानी**

ये जीवनी आत्माराम गुप्ता की है। जिनका सपना हमेशा से ही उँचाईयों को छूना रहा है। इनके मजबूत इरादे और हर पल मंजिल को पाने की चाह आँखों में रही तो आज कामयाबी भी कदम चूमने लगी। आत्माराम गुप्ता का जन्म सन् 1957 में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ व उनके पिता एक सरकारी क्लर्क थे, जिनकी छः सन्तानें थी। उन पर सीमित वेतन के अन्दन परिवार का भरण पोषण एवं शिक्षा प्रदान करने का दायित्व था। इनका बचपन बहुत ही साधारण हालात में गुजरा। श्री गुप्ता ने अपनी कर्मठता से स्कॉलरशिप प्राप्त कर अपनी शिक्षा पूरी की और बाद में चार्टड अकाउंटेंट एवं आई.सी.डब्ल्यू.ए. का कोर्स पूरा किया।

प्रारम्भ में आर.एफ.सी. असिस्टेंट मैनेजर के रूप में कार्य किया। इसके बाद सी.ए. प्रैक्टिस कर, अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिये उन्होनें रियल एस्टेट बिजनेस में अपना कदम रखा और आज उनके अथक प्रयास और लगन का नतीजा है कि ए.आर.जी. ग्रुप आज रियल एस्टेट क्षेत्र में जाना पहचाना नाम है। आपने राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में अनेक लाजवाब रेजीडेंशियल एवम् कॉमर्शियल उपयोग के प्रोजेक्ट बनाये है।

### ईमानदारी और लगन ही सफलता की राहः

जयपुर के साथ अजमेर–कोटा–ग्वालियर–अलवर और बैंगलोर सहित कई शहरों में आज उनके बनाये गये आशियानों एवं वाणिज्यिक भवनों में हजारों लोग सुकून से रह रहे है। जिनमें सिटी मॉल ग्वालियर एवं सिटी मॉल कोटा मुख्य रूप से है। गुप्ता जी का कहना है कि यदि काम ईमानदारी व लगन से किया जाये तो सफलता से कोई नहीं रोक सकता। वे आज भी लगातार इसी कोशिश में लगे हुये है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिये सभी सुविधाओं युक्त मकान कम कीमत पर उपलब्ध करा सके। साथ–साथ लक्जरी अपार्टमेन्ट की भी मिसाल कायम की है और अभी जयपुर की सबसे बेहतरीन लक्जरी अपार्टमेन्ट की एक स्कीम लगभग 11 एकड जमीन पर गोपालपुरा फ्लाईओवर टोंक रोड के समीप लाने जा रहे है।

### उपलब्धियाँः

आत्माराम गुप्ता की हमेशा से ही कुछ नया करने की सोच रही है। इन्होंने रियल एस्टेट के अलावा योग कार्यक्रम को काफी बढ़ावा दिया है। इसी के फलस्वरूप उन्हें अनेकों बार राज्यपाल द्वारा सामाजिक कार्यक्रमों में योगदान के लिये नवाजा गया। गुप्ता जी प्रदेश के प्रथम बिल्डर हैं, जिन्होंने 2002–03 में आई.एस.ओ. 9001 प्राप्त किया। इस हेतु उन्हें राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया था। इसके अलावा 2008 में ऑल इण्डिया बिल्डर्स एसोसिएशन द्वारा लाइफ टाइम अचीवमैन्ट अवार्ड, आई.पी.ए. मैपसोर द्वारा फास्टैस्ट ग्रोइंग अवार्ड रीयल एस्टेट 2007, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा अक्षयपात्र में सहयोग हेतु, अन्तर्राष्ट्रीय जैन एवं वैश्य संगठन द्वारा 2003 में यश रत्न एवं हाल ही में क्रेडाई द्वारा रियल एस्टेट मे लाईफ टाईम अचीवमैन्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह क्रम आज भी लगातार जारी है।

### सामाजिक गतिविधियाँः

गुप्ता जी का कहना है कि देश की उन्नति, सामाजिक उत्थान से ही संभव है। गरीब, असहाय व जरूरतमंदों की सेवा की प्रेरणा उन्हें अपने परिवार से मिलती रही है। उन्होंने सामाजिक हित में विधवा पेंशन, दहेज उन्मूलन व सामुहिक विवाह सम्मेलनों में बढ़–चढकर हिस्सा लिया। चिकित्सीय कैम्प, रक्तदान शिविर लगवाये। सक्रियता इससे झलकती है कि आप राजस्थान में सर्वोच्च व्यापारिक संस्था फोर्टी के 3 वर्ष अध्यक्ष रहें। राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद, जनोपयोगी भवन संस्थान के 4 वर्ष अध्यक्ष रहें। वैशाली नगर में सबसे महत्वपूर्ण शिक्षण संस्था खण्डेलवाल महिला कॉलेज के आजीवन प्रमुख फाउण्डर संरक्षक सदस्य है। लॉयन्स, रोटरी, जय क्लब एवं अन्य बहुत सी संस्थाओं मे निरन्तर सक्रिय भागीदारी रहती है। साथ ही विभिन्न संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।

### हरित क्रांतिः–

गुप्ता जी पर्यावरण के प्रति सजगता का उदाहरण यही है कि उन्होनें प्रदेश में सर्वप्रथम ग्रीन बिल्डिंग रजिस्टर्ड करवाई! साथ ही कार्यप्रणाली एवं विकास कार्यों में इको–फ्रेण्डली सिस्टम को समाहित किया।

### साथियों को सन्देशः–

गुप्ता जी का मानना है कि जीवन में सहजता बहुत जरूरी है! इससे हर समस्या का हल आसानी से निकाला जा सकता है। उन्होनें सफलता के लिये मजबूत इरादे, सही सोच व कार्य की गुणवत्ता, सफलता की कुंजी बताया है।



# क्रेडाई के हैल्थ चेकअप शिविर में 5000 से अधिक के स्वास्थ्य की जांच



क्रेडाई के हेल्थ चेकअप शिविर का शुभारंभ करते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र राठौड़ व मौजूद अन्य अतिथि

राजस्थान क्रेडाई के तत्वावधान में पिछले दिनों एक विशाल हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे शहर के जाने-माने डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। इसमें 5000 से अधिक श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। तथा उन्हें स्वस्थ रहने के तरीकों के बारे में बताया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मजदूरों की जीवनशैली जानी तथा उन्हें तंदुरूस्त रहने के विभिन्न नुस्खे बताए। शिविर के प्रति मजदूरों में इस कदर उत्साह था कि हर कोई अपने को दिखाने को आतुर था। बड़ी संख्या में मजदूर अपने परिजनों को भी साथ लेकर आए। डॉक्टरों की टीम ने श्रमिकों को धूम्रपान व मद्यनिषेध की सलाह दी। उन्हें धूम्रपान से होने वाली बीमारियों से अवगत कराया। डॉक्टरों की सलाह पर कुछ मरीजों ने तो मौके पर ही धूम्रपान त्यागने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान मजदूर व उनके परिजन हेल्थ चेकअप शिविर के आयोजन पर क्रेडाई के सदस्यों का शुक्रिया अदा करते नजर आए।

**क्रेडाई यूथ विंग ने भी लगाया शिविर :** क्रेडाई यूथ विंग की ओर से भी पिछले दिनों हवा सड़क स्थित एक होटल में हेल्थ चेकअप शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। क्रेडाई यूथ विंग के कॉ-ओर्डिनेटर अजय कृष्ण मोदी ने बताया कि कार्यक्रम में नेशनल बॉडी मुंबई व भोपाल से आए विनय राजमोदी, अमनदीप, हीरा व दीपेश भगतानी आदि मौजूद थे।

**कोरल ग्रुप में हेल्थ कैंप :** क्रेडाई व अपेक्स हॉस्पिटल के तत्वावधान में पिछले दिनों कोरल वर्कर्स के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन कोरल राधाकृष्णन साइट पर किया गया। शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें जीवनशैली के बारे में बताया गया। साथ ही डॉक्टरों ने स्वस्थ रहने के नुस्खे भी बताए। इस अवसर पर कोरल ग्रुप के सीईओ गिरिराज डागा और सीओओ गोविंद डागा भी मौजूद थे।

## सरकार की अफोर्डेबल स्कीम का स्वागत, सुझाव भी दिए

राजस्थान सरकार द्वारा शहरी गरीबों को मकान उपलब्ध करवाने के लिए शुरू की गई अफोर्डेबल स्कीम का क्रेडाई राजस्थान ने स्वागत किया है। साथ ही यूडीएच सेक्रेट्री को एक पत्र प्रेषित कर कुछ सुझाव भी लिए गए हैं। जिससे इस योजना को और बेहतर बनाया जा सके तथा स्कीम से प्राइवेट डवलपर्स भी आकर्षित हो सके। क्रेडाई राजस्थान के सेक्रेट्री सुनील जैन ने बताया कि पत्र में राज्य सरकार की अफोर्डेबल पॉलिसी के तहत खरीदे गए प्लॉट की स्टाम्प ड्यूटी में छूट दिलाई जाए। राज्य के बाहर से डवलपर्स को आकर्षित करने के लिए उनसे संपर्क में रहें। जो भी जमीन वे प्रस्तावित करें उसमें बिजली-पानी पौधरोपण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। जब तक कोई भी प्रोजेक्ट अफोर्डेबल पॉलिसी के अंतर्गत बनकर पूरी तरह तैयार न हो जाए, तब तक मकान निर्माण सामग्री जैसे इस्पात सीमेंट व अन्य जो भी निर्माण में काम आए, वे टैक्स लेवी और वैट से मुक्त रहें। सभी डवलपर्स को सभी श्रेणी के फ्लैट या मकानों में डिजाइन करने का अवसर मिले चाहे वे ईडब्ल्यूएफ, एलआईजी के मकान व फ्लैट हों या कोई भी टाउनशिप इनमें राज्य सरकार का हस्तक्षेप न हो। सही सुझाव के लिए 15 बिन्दुओं का पत्र भेजा गया।



## सुरजाराम मील बने क्रेडाई के पैटर्न

क्रेडाई राजस्थान की एजीएम होटल पार्क प्राइम में 5 सितम्बर, 2014 को हुई। इसमें सुरजाराम मिल को पैट्रन बनाया गया। एजीएम में अपार्टमेंट एक्ट के बारे में चर्चा की गई। इस संबंध में के.सी.परवाल ने अपने विचार रखे। इस दौरान एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में के.सी. परवाल कन्वेनर व संजय गुप्ता को-कन्वेनर बनाया गया है। इसके अलावा सुनील जैन (मैम्बर), के.एल. सेतिया व अवनीश बंसल को मेंबर नियुक्त किया गया है। इसमें तय किया गया कि कमेटी अपार्टमेंट एक्ट का अध्ययन कर इस संबंध में सरकार में प्रजेंटेशन देगी।


# जकार्ता में प्रदेश की अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी की चर्चा



इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में तीन दिवसीय 14 वीं नेटकॉन–2014 का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन इंडोनेशिया के उप वित्तमंत्री ने किया। क्रेडाई (राजस्थान) के सचिव सुनील जैन ने बताया कि 6 से 8 अगस्त तक चली इस कॉन्फ्रेंस में क्रेडाई के 31 सदस्यों का दल राजस्थान से जकार्ता गया। यहां से गए प्रतिनिधि मंडल ने कार्यक्रम में राजस्थान में अफोर्डेबल पॉलिसी के बारे में बताया। जिसे काफी प्रशंसा मिली। कॉन्फ्रेंस सफल रही। कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने नेटकॉन–2014 में आने पर क्रेडाई के सदस्यों का आभार जताया। मीडिया का भी इसमें पूरा सहयोग रहा। ईटीवी राजस्थान ने कॉन्फ्रेंस का पूरा कवरेज दिखाया।

## क्लीन जोधपुर – ग्रीन जोधपुर मैराथन में दौड़े युवा

एसएलआरएम ग्रुप के सौजन्य से 15 अगस्त को अभिनेता आमिर खान ने **क्लीन जोधपुर ग्रीन जोधपुर अभियान** का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को शहर के लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में क्रेडाई राजस्थान के प्रेसीडेंट अनुराग शर्मा, सांसद गजेन्द्र सिंह, जोधपुर कलेक्टर प्रीतम बी. यशवंत व जोधपुर नगर निगम सीईओ हरिसिंह राठौड़ मौजूद थे। इस अवसर पर मैराथन दौड़ का भी आयोजन हुआ, जिसमें 4000 से अधिक लोग दौड़े। इस अवसर पर क्रेडाई राजस्थान की ओर से मैराथन दौड़ के लिए टी–शर्ट व साड़ी बांटी गई तथा दो बैट्री ऑपरेटिड कचरा उठाने की गाड़ी भी दी गई।



## क्रेडाई यूथविंग के स्थापना के दिन ही बने 70 सदस्य

जयपुर में क्रेडाई यूथविंग की स्थापना होटल हिल्टन में गत 13 जुलाई को हुई। इसमें युवाओं ने पूरे जोश से भागीदारी निभाई। युवाओं के जोश का आलम यह था कि पहले दिन ही 70 युवा यूथविंग के सदस्य बन गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्रेडाई यूथविंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरदीप सिंह हीरा थे तथा क्रेडाई नेशनल के ज्वाइंट सैक्रेटरी व क्रेडाई राजस्थान के प्रेसीडेंट अनुराग शर्मा विशिष्ठ अतिथि थे। कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई यूथविंग के प्रदेश संयोजक ओ.के प्लस ग्रुप के निदेशक अजयकृष्ण मोदी ने हैल्थ चैकअप प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी। क्रेडाई यूथविंग का आगामी 10 नवम्बर को गोवा में यूथकोर्न कार्यक्रम होगा। इसमें करीब 30 सदस्य शामिल होंगे। अनुराग शर्मा ने यूथविंग को अपने काम में नए जोश के साथ नई क्रिएटीविटी लाने के लिए प्रेरित किया।

## सेक्टर प्लान 56बी को मंजूरी

जेडीए में पिछले दिनों हुई भवन मानचित्र समिति (एलपी) की बैठक में सेक्टर प्लान 56बी को मंजूरी दी गई है। इस रोड सेक्टर प्लान के उत्तर में कालवाड़ रोड, दक्षिण में अजमेर रेलवे लाइन, पूर्व में पृथ्वीराज नगर योजना (उत्तर) की सीमा एवं पश्रिचम में रोड सेक्टर प्लान संख्या 48, 49, 54 व 55 है। प्रस्तावित रोड सेक्टर, प्लान का क्षेत्र 1.92 वर्ग किमी है। बैठक में निजी खातेदारी की आवासीय योजना कनक वृंदावन डी व ई ब्लॉक में अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए ईडब्ल्यूएस/ एलआईजी के लिए आरक्षित भूखण्डों में सम्मानित आवासीय भूखण्डों के रूप में अनुमोदन किया गया।

## अशोक लाहोटी बने मैंबर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अशोक लाहोटी भी क्रेडाई से जुड़ गए हैं। उन्होंने क्रेडाई की सदस्यता ग्रहण की है। इस पर क्रेडाई की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया।

NEWS UPDATE

# क्रेडाई के सदस्यों की गतिविधियां

### महिमा ग्रुप के बैल्व्यू प्रोजेक्ट का भूमि पूजन

महिमा ग्रुप के जगतपुरा आर.टी.ओ. कार्यालय के पास, बैल्व्यू प्रोजेक्ट का पिछले दिनों भूमि पूजन हुआ। ग्रुप के सी.एम.डी. धीरेन्द्र मदान ने बताया कि, यहां 256 फ्लैट्स बनाये जाएंगे। जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के पास स्थित इस प्रोजेक्ट में सभी सुविधाओं के साथ इनफिनिटी पूल का प्रावधान रखा गया है।

### पार्थ सिटी उदयपुर का शुभारम्भ

एस एन जी ग्रुप के प्रोजेक्ट पार्थ सिटी की पिछले दिनों उदयपुर में लांचिंग की गई। उदयपुर–जयपुर हाइवे पर सिघांनिया यूनिवर्सिटी के पास प्रस्तावित टाउनशिप सभी सुविधाओं से पूर्ण होगी। यहां प्लाट, विला, अपार्टमेंट, क्लब हाउस और कॉमर्शियल स्पेस की सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी।

### यूनिक बिल्डर्स का पर्यावरण संरक्षण संदेश

रियल एस्टेट समूह यूनिक बिल्डर्स ने पिछले दिनों विश्व पर्यावरण दिवस पर आम जन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया। निदेशक विभिषेक सिंह के अनुसार समूह के सभी कर्मचारियों ने वृक्ष लगाने व पर्यावरण जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### एआरजी ग्रुप की डिवाइन एनक्लेव में पजेशन शुरू

एआरजी ग्रुप ने जयसिंहपुरारोड, अजमेर रोड पर आवासीय योजना डिवाइन एनक्लेव में पजेशन देना शुरू कर दिया है। इस योजना में कुल 198 फ्लैट्स का निर्माण किया गया है। 9 मंजिला इस योजना में सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई है।

### सीनियर सिटीजन के लिए खास टाउनशिप

सीनियर सिटीजन को अब अपनी देखभाल व सुरक्षा को लेकर चिंतित होने की दरकार नहीं है। इसके लिये आशियाना हाउसिंग लि. व मंगलम ग्रुप ने संयुक्त रूप से कालवाड रोड पर माचंवा गांव में रिटायरमेंट होम्स के नाम से एक प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसमें वृद्धजनों के उपयोग की सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि एआरजी ग्रुप ने भी ए आर जी पुरम में ऐसी पहल की थी।

# विविध समाचार

### क्रेडाई के नवनिर्मित भवन का शुभारम्भ शीघ्र

क्रेडाई राजस्थान के कार्यालय का शीघ्र शुभारम्भ होगा। महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि एमआई रोड स्थित लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में 1000 वर्ग फुट में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कार्यालय तैयार किया जा रहा है, जहां से क्रेडाई की समस्त गतिविधियों का संचालन होगा।

### निवेशकों की नजर कॉमर्शियल प्रोपर्टी बाजार पर

पिछले तीन साल से आर्थिक सुस्ती झेल रहे कॉमर्शियल प्रोपर्टी बाजार में अब सुधार हो रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार शुरूआती तौर पर शहर के नजदीकी बापूनगर, बनीपार्क, मालवीय नगर, वैशाली नगर व सी–स्कीम जैसे पाश इलाकों में कॉमर्शियल प्रोपर्टी की खरीद–फरोख्त होने के साथ–साथ कॉरपोरेट कम्पनीज, बैंक आदि ने कॉमर्शियल प्रोपर्टीज किराऐ पर लेने के प्रति काफी रूझान देखा गया।

### मास्टर प्लान 2025 में बदलाव की तैयारी

जयपुर विकास प्राधिकरण ने सरकार से मास्टर प्लान 2025 में बडे बदलाव की अनुमति मांगी है। जेडीए ने मास्टर प्लान के यू–टू– नगरीय क्षेत्र से बाहरी क्षेत्रों में 30 मीटर की जगह 18 मीटर चौड़ी सड़क पर कॉलोनी काटने की अनुमति मांगी है। इससे नई योजनाएं विकसित होगी व मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ते आवास उपलब्ध हो सकेगें।

### अब घर बैठे जान सकेंगे कितनी होगी स्टाम्प डयूटी

अब कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन या अन्य सम्पति की रजिस्ट्री या लीज डीड करवाने से पहले वेबसाइट के जरिये डी एल सी रेट व देय स्टाम्प डयूटी, रजिस्ट्रेशन फीस, सरचार्ज की आन लाइन गणना घर बैठे कर सकेगा। इसके लिये पंजीयन व मुद्रांक विभाग ने एन.आई.सी. के जरिये नया सोफ्टवेयर तैयार किया है।

### 99 साल की बजाय अब प्रोपर्टी पर आजीवन हक होगा

जयपुर में जेडीए से ली गई आवासीय व कॉमर्शियल प्रोपर्टी पर अब 99 साल की लीज की बजाय आजीवन स्वामित्व का हक मिल सकेगा। इसके लिए जेडीए ने सम्पत्तियों को लीज होल्ड की बजाय फ्री होल्ड बनाने की तैयारी कर ली है। इस सम्बन्ध में जेडीए ने मसौदा राज्य सरकार को भेज दिया है। सरकार से मंजूरी मिलते ही यह लागू हो जाएगा। इससे स्थानीय निकायों को एकमुश्त लीजराशि प्राप्त होने पर आय की प्राप्ति संभव होगी, जिससे विकास कार्यों को भी शीघ्रता से पूरा किया जा सकेगा।

### मकान का सपना संजो रहे लोगों को राहत

स्थानीय निकायों की आवासीय योजनाओं में भूखण्ड का सपना देख रहे लोगों को नगरीय विकास विभाग ने राहतें दी हैं। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में जेडीए की ओर से भूमि निष्पादन नियम 1974 में संशोधन को हरी झण्डी दे दी गई। इसमें आवेदक को मूल निवास प्रमाण पत्र देने की बाध्यता हटेगी। इसकी जगह वोटर आई डी या पानी–बिजली के बिल जैसा कोई भी पहचान पत्र दिया जा सकेगा। 50000 की आबादी वाले शहर में भूखण्ड होने पर दूसरा भूखण्ड नहीं लिया जा सकता था। इस शर्त का दायरा बढाकर 100000 आबादी वाले शहर कस्बे किया गया है।

### ग्रीन बिल्डिंग प्रावधान तो मिलेगी एफ.ए.आर. में छूट

पर्यावरण संतुलन व ऊर्जा की बचत को बढावा देने के लिये जेडीए ने ग्रीन बिल्डिंग को प्रोत्साहन देना शुरू कर दिया है। इसमें 5000 वर्ग मीटर या इससे बडे भूखण्ड पर ग्रीन बिल्डिंग का निर्माण करने पर भवन निर्माता को अतिरिक्त एफ. ए. आर. में देय होगा। प्रस्ताव की मंजूरी के बाद डवलपर्स को जारी एफ.ए.आर. में बगैर किसी शुल्क के 05 प्रतिशत अतिरिक्त एफ.ए.आर. दिया जा सकेगा।

### शहर में 23 सेक्टर रोडों को मंजूरी

जेडीए की पब्लिक वर्क्स कमेटी की बैठक में 80 करोड की लागत से बनने वाली 23 सेक्टर रोड बनाने की मंजूरी प्रदान की गई है। सब कुछ ठीक–ठाक रहा तो डेढ साल के अन्दर ये सडकें बनने की उम्मीद है।

### खातेदारी योजनाओं की आरक्षित दरों में संशोधन का विरोध

जेडीए की ओर से खातेदारी योजनाओं की आरक्षित दरों में वृद्धि का क्रेडाई राजस्थान ने विरोध किया है। क्रेडाई के चैयरमैन गोपाल गुप्ता के अनुसार आरक्षित दरों में वृद्धि से संस्थागत गतिविधियों के लिए आंवटित की जाने वाली भूमि की दरों में वृद्धि हो जाने के कारण जनोपयोगी कामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### ज्ञानाराम नगर निगम के नये सीईओ

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर ज्ञानाराम को जयपुर नगर निगम का नया सीईओ बनाया गया है।

### अब पुराने भवन भी बन सकेंगे ग्रीन

अब तक बन चुके 5000 वर्गमीटर या बड़े क्षेत्रफल के भवनों को भी ग्रीन बिल्डिंग का दर्जा दिया जा सकेगा। इनको ग्रीन बिल्डिंग में बदलने पर अतिरिक्त एफएआर 5% निःशुल्क होगा। इसके लिए भी प्रावधानों का पालन जरूरी होगा।

www.anukampagroup.com

35+ dedicated years 50+ completed projects 7000+ satisfied customers

one group...

# ANUKAMPA

SYNONYM OF TRUST & QUALITY

SINCE 1978

Genesis SMART STUDIOS

Creators of **Rajasthan's Tallest Building**

Hanging Gardens

Award Winner for **Rajasthan's Biggest Vertical Township**



**Best young Entrepreneur** Award Realty Sector



**Best Developers of the Decade** from Rajasthan



**Excellence in Technology & Quality** Award



MALLS | HOTELS | ROW HOUSING | GROUP HOUSING | TOWNSHIPS | CONDOMINIOS

**Marketing Office** : 7th Floor, Fortune Heights, Near Ahinsa Circle, C-Scheme, Jaipur • Ph.: 0141-4212121 (21 Lines)

**Head Office** : 401, Anukampa Mension-II, Opp. Raymonds Showroom, M.I. Road, Jaipur • Ph.: 0141-4077300

Contact for Details
**96369-96369**

24 hour call center
**9214-000-000**

Dot 'N' Dash

## CREDAI RAJASTHAN

FORMERLY KNOWN AS RAJASTHAN BUILDERS & PROMOTERS ASSOCIATION

A-27/13-A, Kanti Chandra Road Bani Park, Jaipur-302016 • Tel: 0141-6604758 • WEBSITE : www.credairajasthan.com

studio@prayascreations.in # 91-141-4007400